शाहजहांपुर पुलिस

प्रेस नोट-सराहनीय कार्य दिनांक : 08.10.2024

थाना पुवायाँ पुलिस द्वारा जमीन के नाम पर फर्जी बैनामा व धोखाधडी/ अमानत मे खयानत करके 30 लाख रूपये की ठगी करने का वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

श्रीमान पुलिस अधीक्षक शाहजहांपुर के कुशल निर्देशन, श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व श्रीमान क्षेत्राधिकारी पुवायाँ के कुशल प्रयवेक्षण में चलाये जा रहे रोकथाम अपराध व गिरफ्तारी अपराधी के सघन अभियान के क्रम में थाना पुवायाँ पुलिस द्वारा जमीन के नाम पर फर्जी बैनामा व धोखाधडी/ अमानत मे खयानत करके 30 लाख रूपये की ठगी करने का बांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।

संक्षिप्त विवरणः-

दिनांक 24.01.24 को वादी श्री आकाश कुमार पाल द्वारा थाना पुवायां जिला शाहजहाँपुर द्वारा थाना हाजा पर तहरीर देकर फर्जी बैनामा धोखाधडी व अमानत मे खयानत करके 10 लाख नकद व 20 लाख रूपये आरटीजीएस करके 30 लाख मे थाना पुवायाँ पर मु0अ0सं0 58/24 धारा 406/420 भादवि बनाम उपकार उर्फ राजीव आदि पांच नफर के विरूद्ध पंजीकृत कराया गया था दौराने विवेचना अभियुक्तगणों क्रमशः उपकार व विनय कुमार पुत्रगण सुरेश ग्राम मिश्रीपुर सिंधौली थाना सिंधौली जनपद शाहजहांपुर से प्राप्त आधार कार्ड से जिनका मूल नाम राजीव व नन्हेलाल पुत्रगण रामस्वरूप ग्राम नथुआपुर थाना सिंधौली पाया गया एवं उक्त लोगो के द्वारा अपने सहयोगियों से मिलकर मूल नाम को अभिलेखो(आधार कार्ड) मे कूटरचना कर अपना नाम उपकार व विनय पुत्रगण सुरेश निवासी ग्राम मिश्रीपुर थाना क्षेत्र सिंधौली स्थित जमीन का बैनामा कर वादी से ठगी किए जाने की बात प्रकाश में आयी है। विवेचना के क्रम मे उपरोक्त मुकदमे मे नामित अभियुक्त गण राजीव व नन्हेलाल पुत्रगण रामस्वरूप निवासीगण ग्राम नत्थुआपुर थाना सिंधौली शाहजहांपुर के कब्जे से 9 लाख रूपये नकद एक पीली धातु की चैन व कान के टाप्स बरामद कर गिरफ्तार कर दिनांक 29.01.2024 को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था तथा मुकदमा उपरोक्त मे अन्य नामजद अभियुक्त निसार अली उर्फ चुन्ना पुत्र मुख्त्यार अली निवासी ग्राम जमुनिया थाना सिधौंली जनपद शाहजहांपुर को आज दिनांक 08.10.2024 को ग्राम जमुनिया थाना सिंधौली से समय 01.30 बजे गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त को बाद विधिक कार्यवाही कर मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्त-

1. निसार अली उर्फ चुन्ना पुत्र मुख्त्यार अली निवासी ग्राम जमुनिया थाना सिधौंली जनपद शाहजहांपुर

पंजीकृत अभियोग/गिरफ्तारीः-

1. मु0अ0सं0 58/24 धारा 420/406/467/468/471/120बी भादवि थाना पुवायाँ शाहजहांपुर

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम :-

1.प्र0नि0 श्री हरपाल सिंह बालियान थाना पुवायाँ जनपद शाहजहांपुर
2.व0उ0नि0 श्री सकतावत सिंह थाना पुवायाँ जनपद शाहजहांपुर
3.उ0नि0 श्री भूपेन्द्र राणा थाना पुवायाँ जनपद शाहजहांपुर
4.उ0नि0 श्री मनीष थाना पुवायाँ जनपद शाहजहांपुर
5.का0 180 निर्दोष कुमार थाना पुवायाँ जनपद शाहजहांपुर
6.का0 2784 अंकित कुमार थाना पुवायाँ जनपद शाहजहांपुर
7. का0 754 इलियास थाना पुवायाँ जनपद शाहजहांपुर